मल्टी आर्ट की पहल से बहाल हुई बिजली व्यवस्था

यह कहानी है लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चूंगरु की। जहाँ ग्राम सभा के लोग पिछले एक वर्षों अन्धकार में रहने को विवश है। दरअसल आलम यह है कि इस गांव का ट्रांसफर्मर 3 मार्च 2023 से ही बज्रपात के वजह से निष्कृय हो चुका था। गांव के लोगो के द्वारा उसे ठीक कराने के हर संभव प्रयास किया गया । लेकिन सारे प्रयास विफल ही रहा। आगे बताते जाये की यह ट्रांसफर्मर गांव के छापर टोला में स्थित है, जहाँ लगभग 50 परिवारों को बिजली मिलती थी। थक-हार कर लोगो ने अंधेरे में रहना ही अपना भविष्य समझ लिया। इस बात कि सुचना मिलते ही गाँव मे कार्य कर रहे मल्टी आर्ट के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 24/04/2024 को आवेदन ग्राम सभा के माध्यम से कार्यपालक अभियंता को देने का काम किए। मामले की संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के द्वारा 19/05/2024 ग्राम सभा को नई ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराने का काम किया। गांव के लोगो को 20/05/24 से पुनः मल्टी आई के सहयोग से बिजली मिलने लगी। ग्राम सभा के लोगो ने मल्टी आर्ट एसोसिएसन का आभार जताया तथा उन्हें हर संभव सहयोग करने का भी आस्वासन दिया। इनको देखते हुए गांव के अन्य टोला के लोगो ने भी ट्रांसफर्मर बदलवाया ।



ग्राम सभा चूंगरु

राजस्व ग्राम चूंगरु पोस्ट चूंगरु थाना छिपादोहर प्रखंड बरवाडीह जिला लातेहार (झारखण्ड) 829204

भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची के तहत पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम के धारा 4 का (क)(ख)(ग)(घ)(ङ) (च) एवं झारखण्ड पंचायत राज्य अधिनियम 2001 धारा 10 का (क)(ख)(ग)(घ)(ङ)(च) सह धारा 10 का (I) (II)(III) (IV.) (V.) के आलोक में ग्राम सभा चूंगरु का पुनस्थापना

पत्रांक :- 03/चूंगरु/2024 दिनांक :- 26/03/2024

प्रेषक, ग्राम-चूंगरु, पंचायत-चूंगरु, प्रखण्ड-बरवाडीह, जिला-लातेहार (झारखण्ड) पिन-829204

प्रेषित — बिजली, आपूर्ति विभाग, बरवाडीह, जिला-लातेहार

विषय :- ट्रांसफार्मर-खराब होने के सम्बन्ध में।

महाशय,

ग्राम सभा द्वारा दिनांक-24/03/2024 को चूंगरु के छापर टोला में नया ट्रांसफार्मर लगाने हेतु ग्राम-चूंगरु द्वारा अनुमोदन किया गया, इसी स्वीकृती हेतु भेजी जा रही है, जहाँ ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण, बिजली ग्राम-चूंगरु में नहीं रह रहा है, जहाँ नया ट्रांसफार्मर लाने व लगाने कि अति आवश्यक है, जिससे की पढ़ाई, लिखाई तथा अन्य प्रकार कि बिजली न होने से परेशानी हो रही है।

इस परेशानी को देखते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने का कष्ट करें।

ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुमोदित एवं आवेदन प्रस्तावेन संलग्न है।

26/03/024